

# मुख्यमंत्री ने लाड़ली बहना योजना की 36वीं किस्त राशि का अंतरण

## श्योपुर जिले की 01 लाख 07 हजार 720 बहनाओं को मिली राशि, बहनो के खाते में आई 1500-1500 रूपये की राशि

**नवभारत न्यूज**

**श्योपुर, 13 मई।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा आज नरसिंहपुरी में आयोजित राज्य स्तरीय लाड़ली बहना योजना कार्यक्रम के माध्यम से 36वी किस्त के रूप में प्रदेश की 1.25 करोड़ लाड़ली बहनों को 1835 करोड़ राशि का अंतरण किया गया।

कलेक्टर सुश्री शीला दाहिमा के मार्गदर्शन में श्योपुर जिले में जिला एवं विकासखण्ड मुख्यालयों, ग्राम पंचायतों पर कार्यक्रम आयोजित कर राज्य स्तरीय कार्यक्रम का वेबकास्ट के माध्यम से लाइव प्रसारण किया गया। इस कार्यक्रम के माध्यम से श्योपुर जिले की 01 लाख 07 हजार 712 लाडली बहनाओं को उनके बैंक खाते में 1500-1500 रूपये की राशि प्राप्त हुई। श्योपुर की लाडली बहनाओं को माह अप्रैल के लिए कुल 15 करोड 90 लाख 60 हजार 600 रूपये की राशि अंतरित की गई ।योजना के तहत श्योपुर जिले में कुल 1 लाख 7 हजार 712 बहनों को लाभ मिला है। नगरपालिका श्योपुर क्षेत्र की 11 हजार 671, नगर परिषद बडौदा क्षेत्र की 3356, नगर परिषद विजयपुर क्षेत्र की 2797, जनपद पंचायत क्षेत्र श्योपुर की 43 हजार 454, जनपद पंचायत कराहल क्षेत्र की 11 हजार 516 तथा जनपद पंचायत विजयपुर क्षेत्र की 34 हजार 918 लाडली बहनाओं को यह राशि प्राप्त हुई है।





# कार्यकर्ताओं एवं सहायिकाओं को कारण बताओ नोटिस



**नवभारत न्यूज**

**श्योपुर, 13 मई।** कलेक्टर सुश्री शीला दाहिमा द्वारा आंगनबाडी केन्द्रों के सतत् रूप से निरीक्षण किये जाने संबंधी निर्देशो के क्रम में कराहल की प्रभारी सीडीपीओ श्रीमती सुषमा सोनी द्वारा भेला, गांधी भेला, भीमलत, गौरस स्थित आंगनबाडी केन्द्रों का निरीक्षण किया गया। इस दौरान पर्यवेक्षक पूजा कुशवाह भी मौजूद रही।

निरीक्षण के दौरान आंगनबाडी केन्द्र भेला की कार्यकर्ता श्रीमती कैलाशी बाई, गांधी भेला की कार्यकर्ता श्रीमती ऊषा राठौर, मिनी आंगनबाडी केन्द्र भीमलत की सहायिका श्रीमती स्वरूपी बाई, गोरस-सी की कार्यकर्ता श्रीमती कमलेश बाई के अनुपस्थित पाये जाने पर कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिये गये।

# बिजली बिल में सुधार सहित अन्य समस्याओं के संबंध में कैम्प आज से

**नवभारत न्यूज**

**श्योपुर, 13 मई।** मध्यप्रदेश मध्य क्षेत्र विधुत वितरण कंपनी लिमिटेड द्वारा उपभोक्ताओं से संपर्क में रहने के उद्देश्य से संपर्क अभियान योजना लागू की गई है, जिसके तहत जिले के समस्त ग्रामों एवं शहरी क्षेत्र के वार्डो को शामिल कर कलस्टर बनाये गये है। विधुत वितरण केन्द्रवार बनाये गये इन कलस्टरों पर आगामी निर्धारित तिथियों पर शिविर लगाये जायेंगे। प्रथम कलस्टर अंतर्गत 14 मई को सभी विधुत वितरण केन्द्रों के लिए शिविर का आयोजन किया जा रहा है।

महाप्रबंधक लक्ष्मीनारायण पाटीदार ने बताया कि शिविर के माध्यम से बिल सुधार, मीटर से संबंधित तथा सर्विस केबल से संबंधित, कनेक्शन, भुगतान सहित तकनीकी सेवाओं से संबंधित विभिन्न समस्याओं का त्वरित निराकरण किया जायेगा। उन्होंने बताया कि 14 मई को विधुत वितरण केन्द्र भोगिका तिराहा अंतर्गत दांतरदा, ढोढर केन्द्र अंतर्गत ग्राम ढोढर में, वितरण केन्द्र ढोटी अंतर्गत ग्राम अडवाड में, वितरण केन्द्र सोईकंला अंतर्गत ग्राम सोईकलां में, वितरण केन्द्र विजयपुर-2 अंतर्गत ग्राम सुनवई में, वितरण केन्द्र गसवानी अंतर्गत ग्राम गसवानी में, वितरण केन्द्र रघुनाथपुर अंतर्गत ग्राम बरोली में, वितरण केन्द्र वीरपुर अंतर्गत ग्राम भमपुरा में, वितरण केन्द्र विजयपुर-1 अंतर्गत ग्राम मैदावली में, वितरण केन्द्र बडौदा अंतर्गत ग्राम अलापुरा में, वितरण केन्द्र कराहल अंतर्गत ग्राम सिलपुरी में, वितरण केन्द्र पाण्डोला अंतर्गत ग्राम पाण्डोला में, वितरण केन्द्र श्योपुर ग्रामीण अंतर्गत नयागांव ढोढपुर में तथा वितरण केन्द्र श्योपुर शहर अंतर्गत वार्ड नंबर 02 में शिविर लगाये जायेगे।

# ज्ञान भारतम राष्ट्रीय पांडुलिपि सर्वेक्षण के लिए खण्डस्तरीय समिति गठित

**नवभारत न्यूज**

**श्योपुर, 13 मई।** भारत सरकार के संस्कृति मंत्रालय द्वारा संचालित ज्ञान भारतम मिशन के अंतर्गत प्रदेश में विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान का उद्देश्य प्राचीन हस्तलिखित पांडुलिपियों की खोज, संरक्षण एवं डिजिटलीकरण करना है। इसी क्रम में एसडीएम श्योपुर गगन सिंह मीणा द्वारा अनुविभाग श्योपुर अंतर्गत तहसील श्योपुर एवं बडौदा में स्थित प्राचीनकालीन पांडुलिपियों के संरक्षण हेतु खण्ड स्तरीय समिति का गठन किया गया है।

यह प्रयास एक राष्ट्रीय पांडुलिपि उपस्थिति मानचित्र के निर्माण में मदद करेगा, जिससे व्यवस्थित सूचीकरण, संरक्षण योजना और दीर्घकालिक अनुसंधान को सक्षम बनाया जा सकेगा। यह पहल डिजिटल संसाधनों के निर्माण में सहायता करेगी जिन्हें भविष्य की पीढ़ियों के लिए संरक्षित किया जा सकता है और विद्वानों और शोधकर्ताओं के लिए सुलभ बनाया जा सकता है।



मिशन के तहत नियुक्त अधिकृत सर्वेक्षणकर्ता और पांडुलिपियों के संरक्षक, जैसे परिवार, विद्वान, मंदिर और संस्थान, साथ ही साथ अपने समुदायों में पांडुलिपि संग्रह के बारे में जागरूक व्यक्ति, पांडुलिपियों के बारे में जानकारी जमा कर सकते हैं।

एसडीएम गगन सिंह मीणा ने बताया कि उक्त मिशन के अंतर्गत ग्राम गुरू संस्थान बडौदा के पंडित रमेश पायलेट द्वारा प्राचीन पांडुलिपियों के संबंध में जानकारी प्रदान की गई है।

## एक नजर में




### जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत कूप मरम्मत

**श्योपुर, 13 मई।** कलेक्टर सुश्री शीला दाहिमा के मार्गदर्शन एवं सीईओ जिला पंचायत श्रीमती सौम्या आनंद के निर्देशन में जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत जल संरचनाओं की मरम्मत एवं निर्माण कार्य जारी है। परियोजना अधिकारी मनरेगा विक्रम जाट ने बताया कि अभियान के तहत ग्राम सुनवई में सार्वजनिक कूप के मरम्मत एवं सुदृढीकरण के कार्य कराये जा रहे है। कूप मरम्मत से प्राचीन जल स्त्रोत का संरक्षण होगा।



### वित्तीय साक्षरता शिविर का आयोजन

**श्योपुर, 13 मई।** जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मुरैना के तत्वाधान में ग्रीन नोबल ऐज्यूकेशन एण्ड वेलफेयर सोसायटी छतरपुर द्वारा सेवा सहकार संस्था श्योपुर एवं कनापुर पर वित्तीय साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर ग्रीन नोबल ऐज्यूकेशन एण्ड वेलफेयर सोसायटी छतरपुर के कमलेश खरे, निरीक्षक सहकारिता राहुल शर्मा, नोडल सीसीबी दिनेश गुप्ता, शिवदयाल गुप्ता एवं समिति प्रबंधक एवं किसान आदि उपस्थित रहें। वित्तीय साक्षरता शिविर के दौरान शासन की योजनाओं जैसे शून्य प्रतिशत पर ऋण, जीवन ज्योती बीमा, सुरक्षा बीमा, फसल बीमा, सहकारिता में सदस्यता अभियान, खाद ई-टोकन व्यवस्था एवं किसानों को पराली एवं नरवाई जलाने के नुकसान एवं अन्य योजनाओं से अवगत कराया गया। वित्तीय साक्षरता शिविर 13 मई से 24 मई 2026 तक आयोजित किये जायेगे।

### शहर में 4 स्थानों पर लगेंगे कैम्प

**श्योपुर, 13 मई।** विधुत वितरण केन्द्र श्योपुर शहर द्वारा बिजली बिल सुधार, मीटर से संबंधित तथा सर्विस केबल से संबंधित, कनेक्शन, भुगतान सहित तकनीकी सेवाओं से संबंधित विभिन्न समस्याओं के त्वरित निराकरण हेतु शहर में 4 स्थानों पर कैम्प लगाये जा रहें है। प्रबंधक विधुत वितरण केन्द्र शहर ने बताया कि 14 मई को किला गेट वार्ड नंबर 02, 16 मई को गुलम्बर वार्ड नंबर 05, 23 मई को टीनशैड के पास वार्ड नंबर 08 तथा 25 मई को डॉ भीमराव अम्बेडकर पार्क वार्ड नंबर 11 में शिविर लगाये जायेगे।

# बंजारा डैम पर दूसरे दिन भी स्वच्छता श्रमदान आयोजित





**नवभारत न्यूज**

**श्योपुर, 13 मई।** कलेक्टर सुश्री शीला दाहिमा के मार्गदर्शन एवं सीईओ जिला पंचायत श्रीमती सौम्या आनंद के निर्देशन में जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत आज श्योपुर की जीवन रेखा सीप नदी पर विभिन्न धार्मिक एवं सामाजिक आयोजनों के केंद्र बंजारा डेम पर स्वच्छता हेतु दूसरे दिन भी श्रमदान कार्यक्रम का आयोजन रखा गया। नगर पालिका श्योपुर के तत्वाधान में विभिन्न सामाजिक संस्थाओं के सदस्य, जन प्रतिनिधि एवं नगर पालिका परिषद श्योपुर के अधिकारी एवं कर्मचारीयो ने श्रमदान कर बंजारा डेम पर सफाई की।

इस अवसर पर नगर पालिका श्योपुर के उपाध्यक्ष संजय महाना, महात्मा गांधी सेवा आश्रम के कैलाश पाराशर, गायत्री परिवार श्योपुर के बृजनेश सिंह परिहार, पूरणमल जांगिड़, समाजसेवी रामावतार शर्मा, नगरपालिका श्योपुर के आदित्य चौहान, सत्यभानु जाटव, कृष्ण गोपाल शर्मा, अरविंद पाराशर, नीरज निगम, इस्तियाक कुरैशी, जितेंद्र राव सहित अन्य कर्मचारी एवं नागरिकगण उपस्थित रहे।

# वर्षा जल संरक्षण एवं रूफवॉटर हार्वेस्टिंग अपनाने की अपील

**नवभारत न्यूज**

**श्योपुर, 13 मई।** जल संकट की बढ़ती समस्या एवं लगातार गिरते भू-जल स्तर को देखते हुए आमजन से अपने घरों, संस्थानों एवं भवनों में रूफ वॉटर हार्वेस्टिंग सिस्टम लगाने की अपील की गई है। जानकारी में बताया गया कि नीति आयोग की रिपोर्ट के अनुसार वर्ष 2030 तक पानी की उपलब्ध मात्रा में भारी कमी आने की संभावना है, ऐसे में वर्षा जल संरक्षण अत्यंत आवश्यक हो गया है।

जागरूकता सामग्री में बताया गया कि शहरी क्षेत्रों में वर्षा जल संरक्षण के लिए तीन प्रमुख उपाय अपनाए जा सकते हैं। इसमें छत पर आने वाले वर्षा जल को ट्यूबवेल अथवा अन्य माध्यम से जमीन के नीचे पहुंचाकर भू-जल स्तर बढ़ाना, घरेलू कार्यों में उपयोग किए गए पानी का पुनः उपयोग करना तथा पानी का मितव्ययिता के साथ उपयोग करना शामिल है।

फ्लायर में जानकारी दी गई कि 1000 वर्गफुट छत वाले भवन में 100 सेमी वर्षा होने पर लगभग 90 हजार लीटर पानी का संग्रहण किया जा सकता है। रूफवॉटर हार्वेस्टिंग तकनीक के माध्यम से यह पानी फिल्टर होकर जमीन में पहुंचता है, जिससे भू-जल स्तर में वृद्धि होती है तथा ट्यूबवेल के पानी की गुणवत्ता भी बेहतर होती है।

# ग्रीष्म ऋतु में लू से बचने के संबंध में एडवाईजरी जारी

**नवभारत न्यूज**

**श्योपुर, 13 मई।** आपदा प्रबंधन की ओर से जिले में बढ़ते तापमान को देखते हुये ग्रीष्म ऋतु में लू (तापघात) के प्रकोप से बचाव हेतु एडवाईजरी जारी की गई है।

अपर कलेक्टर रूपेश उपाध्याय द्वारा जारी एडवाईजरी के अनुसार नागरिकों को पानी, छांछ, ओआरएस का घोल या घर में बने पेय जैसे लस्सी, नींबू पानी, आम का पना इत्यादि का सेवन करने की सलाह दी गई है। यथा संभव दोपहर 12 से 03 बजे तक धूप में बाहर निकलने से बचें। धूप में निकलते समय अपना सिर ढक कर रखें। कपडे, टोपी अथवा छतरी का उपयोग करें। धूप में निकलने के पूर्व तरल पदार्थ का सेवन करें। पानी हमेशा साथ रखें। शरीर में पानी की कमी नही होने दें। सूती, ढीले एवं आरामदायक कपड़े पहनें। सिंथेटिक एवं गहरे रंग के वस्त्र पहनने से बचें। जानवरों को छाएँ में रखें ओर पर्याप्त मात्रा में पीने का पानी दें। अत्यधिक गर्मी होने की स्थिति में ठडें पानी से शरीर को पीछे या कई बार स्नान करें। धूप तथा गर्म हवाओं के संपर्क के तुरंत बाद स्नान न करें। गरिष्ठ, वसायुक्त, ज्यादा प्रोटीन वाले भोजन तथा अलकोहल, चाय, काफी जैसे पेय पदार्थ का उपयोग कम से कम करें। उन्होंने सभी नगरीय निकायो को लू (तापघात) से बचाव के लिए निर्देश जारी किये है कि सावर्जनिक स्थलों जैसे बाजारों, प्रमुख शासकीय कार्यालय आदि (जहां अधिक संख्या में जनसामान्य का आना होता है) को चिन्हित कर इन चिन्हित स्थानों में लू से बचाव हेतु पर्याप्त छायादार स्थल की व्यवस्था की जाये।

# सीएचओ एवं एएनएम का प्रशिक्षण आयोजित

**नवभारत न्यूज**

**श्योपुर, 13 मई।** नीति आयोग, भारत सरकार के अंतर्गत संचालित आकांक्षी ब्लॉक कार्यक्रम के क्रम में कलेक्टर सुश्री शीला दाहिमा के मार्गदर्शन एवं सीईओ जिला पंचायत श्रीमती सौम्या आनंद के निर्देशन में विकासखंड कराहल में स्वास्थ्य विभाग की सीएचओ एवं एएनएम का एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता में सुधार, स्वास्थ्य संकेतकों में प्रगति एवं समुदाय स्तर तक प्रभावी स्वास्थ्य सुविधाओं की पहुँच सुनिश्चित करना रहा।

जनपद पंचायत कराहल सभागार में आयोजित कार्यक्रम के दौरान सीईओ जनपद राकेश शर्मा, मेडिकल कॉलेज से डॉ अंजना निरंजन, आकांक्षी विकासखंड फेलो सुश्री दीपांशी जादौन एवं ब्लॉक प्रोग्राम मैनेजर सुश्री वैशाली आदि उपस्थित रहें। जनपद सीईओ राकेश शर्मा द्वारा कार्यक्रम के उद्देश्य एवं स्वास्थ्य विभाग की महत्वपूर्ण भूमिका पर विस्तार से चर्चा की गई। उन्होंने कहा कि सीएचओ एवं एएनएम जमीनी स्तर पर शासन की योजनाओं को समुदाय तक पहुँचाने में महत्वपूर्ण कड़ी हैं। साथ ही उन्होंने स्वास्थ्य संबंधी आंकड़ों की सही एवं समय पर फीडिंग के महत्व को बताते हुए कहा कि सटीक डेटा ही योजनाओं की वास्तविक स्थिति को दर्शाता है तथा बेहतर योजना निर्माण एवं मॉनिटरिंग में सहायक होता है। डॉ. अंजना निरंजन द्वारा आकांक्षी विकासखंड के स्वास्थ्य क्षेत्र से जुड़े




7 प्रमुख संकेतकों पर विस्तारपूर्वक चर्चा की गई। उन्होंने बताया कि सैचुरेशन अप्रोच, नियमित मॉनिटरिंग एवं समुदाय की सहभागिता के माध्यम से स्वास्थ्य संकेतकों में प्रभावी सुधार लाया जा सकता है। साथ ही मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य, टीकाकरण, संस्थागत प्रसव एवं एनीमिया नियंत्रण जैसे विषयों पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता बताई गई। प्रशिक्षण के दौरान सीएचओ एवं एएनएम द्वारा समूह गतिविधि एवं प्रस्तुतीकरण भी किया गया, जिसमें उन्होंने फील्ड एवं समुदाय स्तर पर आने वाली चुनौतियों को साझा किया। आकांक्षी विकासखंड फेलो सुश्री दीपांशी जादौन ने बताया कि विकासखंड स्तर पर स्वास्थ्य, शिक्षा, पोषण एवं अन्य मूलभूत सेवाओं में तीव्र सुधार करना है।

# अगरा जीआरएस को सेवा समाप्ति का नोटिस जारी

**नवभारत न्यूज**

**विजयपुर, 13 मई।** मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्रीमती सौम्या आनंद द्वारा जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत जल संरक्षण के कार्यो में उदासीनता बरतने पर अगरा के जीआरएस को सेवा समाप्ति की

### 4 जीआरएस के विरूद्ध भी की गई कार्यवाही

कार्यवाही के लिए नोटिस जारी किया गया है, वही दो जीआरएस का मानदेय राजसात करने और दो अन्य जीआरएस का मानदेय रोकने की कार्यवाही की गई है।

सीईओ जिला पंचायत श्रीमती सौम्या आनंद द्वारा जनपद पंचायत विजयपुर की ग्राम पंचायत अगरा के रोजगार सहायक श्री शंभू गोयल को संविदा सेवा समाप्त करने के संबंध में कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है, जारी नोटिस के अनुसार अगरा में जल संरक्षण के प्रगतिरत दो कार्यो को पूर्ण नही कराया गया है तथा अन्य कार्य नही किये गये है। उक्त कार्यो को 15 दिवस में पूर्ण करने के निर्देश दिये गये है अन्यथा की स्थिति में संविदा सेवा समाप्ति की कार्यवाही की जायेगी।

इसी प्रकार जनपद पंचायत कराहल की ग्राम पंचायत बुढेरा के जीआरएस श्री राजेन्द्र गुर्जर के विरूद्ध माह मई के मानदेय से 5 दिवस का तथा जनपद पंचायत विजयपुर की ग्राम पंचायत कदवई के जीआरएस श्री मनोज शर्मा के विरूद्ध माह मई के मानदेय से 7 दिवस का मानदेय राजसात किये जाने की कार्यवाही की गई है। जनपद पंचायत कराहल की ग्राम पंचायत रानीपुरा के जीआरएस श्री ओमप्रकाश गोलिया एवं जनपद पंचायत विजयपुर की ग्राम पंचायत धौरेरा के जीआरएस श्री रामभरत धाकड के मानदेय भुगतान पर आगामी आदेश तक रोक लगाने की कार्यवाही की गई है।

# गंगा दशहरा 25 को, रामेश्वर धाम पर होगा मुख्य कार्यक्रम

## दीपदान, जल स्त्रोतों का पूजन एवं कलश यात्राओं का आयोजन होगा, स्कूल, कॉलेज स्तर पर विद्यार्थियों को बनाये पानी मित्र-डीएम

**नवभारत न्यूज**

**श्योपुर, 13 मई।** कलेक्टर सुश्री शीला दाहिमा ने निर्देश दिये कि गंगा दशहरा 25 मई के उपलक्ष्य में जिलेभर में दीपदान, जल स्त्रोतों का पूजन, कलश यात्राओं का आयोजन सहित वृक्षपूजन के कार्यक्रम आयोजित किये जायें। ग्रामीण क्षेत्रों में जल संवाद कार्यक्रम तथा मानव श्रंखलाओं

### जिले के स्थापना दिवस पर कार्यक्रम आयोजित करने के निर्देश

के आयोजन के माध्यम से लोगों को जल संरक्षण से जोडा जायें। इसके साथ ही जल प्याऊ की स्थापना करते हुए पक्षियों के लिए सकोरे लगाने का कार्य भी किया जायें। उन्होंने कहा कि जल संरक्षण के प्रति प्रेरक के रूप में अपनी भूमिका निभाने के उद्देश्य से स्कूल, कॉलेज के विद्यार्थियों को पानी मित्र बनाया जायें। वे आज कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में गंगा दशहरा के उपलक्ष्य में आयोजित गतिविधियों एवं कार्यक्रमों की समीक्षा कर रही थी।

बैठक में सीईओ जिला पंचायत श्रीमती सौम्या आनंद, एसडीएम गगन सिंह मीणा, डिप्टी कलेक्टर विजय शाक्य, ईई पीएचई एलपी सिंह, ईई जल संसाधन चौतन्य चौहान, उप संचालक कृषि जीके पचौरिया, महिला बाल विकास अधिकारी महेन्द्र कुमार अम्ब, सीईओ जनपद एसएस भटनागर, परियोजना अधिकारी मनरेगा विक्रम जाट, डीपीसी भूपेन्द्र शर्मा, आदित्य चौहान सहित उद्यानिकी, वन विभाग आदि विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

कलेक्टर सुश्री शीला दाहिमा ने कहा कि गंगा दशहरा के उपलक्ष्य में 25 मई को रामेश्वर धाम त्रिवेणी संगम पर सांध्यकालीन समय में मुख्य कार्यक्रम का आयोजन होगा, जिसके लिए व्यापक तैयारियां सुनिश्चित की जायें, उन्होंने निर्देश दिये कि कलश यात्रा आयोजन के साथ ही भजन संध्या का आयोजन सुनिश्चित किया जायें तथा पवित्र त्रिवेणी संगम घाट पर दीपदान की व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जायें। इसके साथ ही घाट को रंगोली के माध्यम से आकर्षक बनाया जायें। इसके साथ ही उन्होंने निर्देश दिये कि नगरपालिका द्वारा सीप नदी के पंडित घाट पर, बडौदा में चन्द्रसागर तालाब पर तथा विजयपुर में क्वारी नदी पर मुख्य रूप से कार्यक्रमों का आयोजन किया जायें। इसके साथ ही आवदा डैम, निमोदामठ आदि स्थानों पर भी कार्यक्रम आयोजित किये जायें। उन्होंने कहा कि जिले के सभी जलस्त्रोतों, प्राचीन बावडियों, कुओं तथा नलजल योजनाओं आदि पर पूजन एवं कलश यात्रा के आयोजन किये जायें। इसके पूर्व सभी जल स्त्रोतों की साफ-सफाई का कार्य सुनिश्चित किया जायें।




कलेक्टर सुश्री शीला दाहिमा ने शिक्षा विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिये कि जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत सभी स्कूलों में पानी की टंकीयों की साफ-सफाई कराई जायें, इसी प्रकार सभी छात्रावासों में भी पेयजल टंकीयों की साफ-सफाई का कार्य किया जायें। महिला बाल विकास विभाग द्वारा 282 पोषण वाटिकाएं लगाने का कार्य किया जा रहा है, इस दौरान जहां उपयुक्त स्थान है, वहां पर 5-5 फलदार पौधे भी लगाये जायें। इसी प्रकार उद्यानिकी विभाग द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में पानी चौपाल आयोजित की जायें। उन्होंने नगरीय निकाय के अमले को निर्देश दिये कि सलापुरा नहर के पास स्थित हॉकर्स जोन में कचरा प्रबंधन की व्यवस्था सुनिश्चित की जायें।

सीईओ जिला पंचायत श्रीमती सौम्या आनंद ने बैठक में कहा कि एनआरएलएम द्वारा सभी गौशालाओं में गंगा दशहरा के अवसर पर कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे। उन्होंने जानकारी दी कि ग्रामीण क्षेत्रो में स्थित जल संरचनाओं कुओं, तालाब, प्राचीन बावडियों एवं नलजल योजनाओं सहित अन्य जल स्त्रोतों पर साफ-सफाई के साथ ही कलश यात्रा और पूजन के कार्यक्रम आयोजित होंगे तथा जल संरक्षण के प्रति जागरूकता के उद्देश्य से जल संवाद कार्यक्रमों का आयोजन किया जायेगा।

### जिले के स्थापना दिवस पर कार्यक्रम आयोजित करने के निर्देश

कलेक्टर सुश्री शीला दाहिमा ने बैठक के दौरान निर्देश दिये कि श्योपुर जिले के स्थापना दिवस 25 मई के अवसर पर कार्यक्रम आयोजित किये जायें। कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार करने तथा आयोजन के लिए जिला शिक्षा अधिकारी यश जैन को नोडल अधिकारी बनाने के निर्देश प्रदान किये।